# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना मऊदरवाजा

## दिनांक - 21.09.2025

**मु0अ0सं0 283/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित गैंग लीडर व सट्टा माफिया हसनैन द्वारा अवैध रूप से अपने व अपने परिजनों के नाम अर्जित व निर्मित की गयी अचल सम्पत्ति, कीमत करीब 2,40,00,000/- (दो करोड़ चालीस लाख रुपये), को जनपदीय पुलिस द्वारा धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुर्क किया गया।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी महोदया नगर ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फर्रूखाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 283/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट बनाम हसनैन पुत्र जुम्मन खाँ निवासी खटकपुरा सिद्दीकी कोतवाली फर्रूखाबाद आदि पर पंजीकृत किया गया था। गैंगलीडर व सट्टा माफिया हसनैन उपरोक्त द्वारा अर्जित अवैध अचल सम्पत्ति को कुर्क किये जाने हेतु माननीय जिला मजिस्ट्रेट महोदय फर्रूखाबाद ने अपने आदेश वाद सं0 11/2025 दिनांकित 15.09.2025 के द्वारा निम्नांकित सूची में अभियुक्त हसनैन एवं उसके परिजनों के नाम पंजीकृत अवैध अचल सम्पत्ति को गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क किये जाने के लिये आदेशित किया गया। आदेश के क्रम में दिनांक 21.09.2025 को निम्न प्रारूप में अंकित सम्पत्ति, जिसकी कुल कीमत करीब 2,40,00,000/- (दो करोड़ चालीस लाख रुपये) है, की कुर्की की कार्यवाही सम्पादित कराने हेतु प्रशासन द्वारा जनपद फतेहगढ़ में नियुक्त प्रशासक तहसीलदार सदर फर्रूखाबाद श्री शनि कनौजिया मय राजस्व टीम व क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में थानाध्यक्ष मऊदरवाजा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फर्रुखाबाद मय फोर्स के निम्नांकित सूची में अंकित अचल सम्पत्ति पर जाकर नियमानुसार कुर्की आदेश की उद्घोषणा करते हुये डुगडुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा किये गये तथा सम्पत्ति को सील करते हुये धारा 14(1) गैंग्स्टर एक्ट (कुर्की) की कार्यवाही सम्पादित करते हुये अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लायी गयी।










## प्रारूप –गैंगलीडर हसनैन के परिजनों (पुत्र व पुत्रवधू) के नाम अचल सम्पत्ति

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति का विवरण | नाम पंजीकृत स्वामी | क्षेत्रफल | सरकारी मूल्यांकन (रूपये) | मूल्यांकन PWD (रूपये) | बाजार मूल्यांकन (रूपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आवासीय व व्यवसायिक भवन 2/100 लेखपत्र सं0 10808 दिनांक 18.07.2022 स्थित मो0 गणेश प्रसाद स्ट्रीट परगना पहाड़ा फर्रूखाबाद | श्रीमती उन्सा खानम पत्नी मो0 मेराज खाँ व मोहम्मद मेराज खाँ पुत्र हसनैन निवासीगण मोहल्ला खटकपुरा सिद्दीकी शहर पोस्ट व जिला फर्रूखाबाद | व्यवसायिक निर्मित 22.12 व0मी0, आवासीय 90.67 व0मी0, आवासीय निर्मित 300.11 व0मी0 | 71,21,109/- | 36,13,000/- | 2,40,00,000/- |
| **कुल कीमत** | | **सर्किल रेट पर मूल्यांकन के आधार पर ---- 71,21,109/- (इकहत्तर लाख इक्कीस हजार एक सौ नौ)** | | | | |
| | | **वर्तमान रेट बाजार मूल्यांकन के आधार पर ---- 2,40,00,000/- (दो करोड़ चालीस लाख रुपये)** | | | | |

मु0अ0सं0 283/2023 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट कोतवाली फर्रूखाबाद से संबंधित अभियुक्त गैंगलीडर हसनैन उपरोक्त द्वारा अपने परिवारीजनों के नाम आपराधिक कृत्यो से अर्जित की गयी अवैध अचल सम्पत्ति (उपरोक्त सूची के अनुसार), जिसकी वर्तमान कीमत **2,40,00,000/- (दो करोड़ चालीस लाख रुपये)** है, की कुर्की की कार्यवाही की गयी।

उपरोक्त प्रकरण में गैंगलीडर हसनैन उपरोक्त द्वारा अपराध से अर्जित अवैध चल/अचल सम्पत्तियों की कुर्की की कार्यवाही के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में अब तक कुल **23,68,96,255/-(तेईस करोड़ अड़सठ लाख छियानवे हजार दो सौ पचपन रुपये)** की सम्पत्ति कुर्क करायी जा चुकी है।

## कुर्की की कार्यवाही में लगा फोर्स-

### थाना मऊदरवाजा से लगा पुलिस बल -

1. थानाध्यक्ष श्री लक्ष्मण सिंह
2. का0 सौरभ
3. का0 नफीस
4. का0 गौरव सिंह
5. म0हे0का0 मंजू कुमारी

### कोतवाली फर्रूखाबाद से लगा पुलिस बल -

प्र0नि0 श्री राजीव कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल।

**मीडिया सेल फतेहगढ़**

# फतेहगढ़ पुलिस

**दिनाँक 21.09.2025**

# मिशन शक्ति 5.0 स्कूटी रैली

## मिशन शक्ति फेज-5 के तहत जनपद फतेहगढ़ पुलिस द्वारा स्कूटी रैली का किया गया भव्य आयोजन

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत दिनांक 21.09.2025 को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के निर्देशन में एक स्कूटी रैली का भव्य आयोजन किया गया।

इस रैली का शुभारंभ रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़, मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक आदि जनपद के उच्चाधिकारीगणों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें जनपद की महिला पुलिस कर्मियों, महिला पीआरवी स्टाफ, एंटी रोमियो टीम, महिला बीट अधिकारी ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।



## रैली का उद्देश्य व मुख्य विशेषताएँ-

स्कूटी रैली में जनपद के उच्चाधिकारी गण व महिला पुलिसकर्मी शामिल हुईं। रैली ने शहर के प्रमुख चौराहों, स्कूलों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों से गुजरकर महिलाओं को सुरक्षा संबंधित कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वुमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), एवं 1098 (बाल सहायता सेवा) का प्रचार-प्रसार किया गया। आमजन को एंटी रोमियो स्क्वॉड, महिला हेल्प डेस्क, एवं महिला शिकायत निवारण प्रणाली की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। आम नागरिकों ने पुलिस की इस पहल की प्रशंसा करते हुए महिलाओं की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियानों को अपना पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में जनपद स्तर पर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशाला, साइबर सुरक्षा से संबंधित सत्र, एवं महिला संवाद का भी आयोजन किया जाएगा।

**"समाज तभी सशक्त होगा, जब उसकी महिलाएँ सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर हों। मिशन शक्ति का उद्देश्य यही सुनिश्चित करना है कि हर महिला अपने अधिकारों को जानें और निर्भय होकर अपने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़े।"**

**मीडिया सेल फतेहगढ़ ।**

फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

दैनिक जागरण

# महिला पुलिस ने रैली निकालकर किया जागरूक

**जागरण संवाददाता, फर्रुखाबाद :** नवरात्र शुरू होने से एक दिन पहले पुलिस की ओर से आधी आबादी की सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति 5.0 अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत महिला सिपाहियों ने स्कूटी रैली निकालकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक किया। महिला सिपाहियों की स्कूटी रैली को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महिलाओं को सुरक्षा का विश्वास दिलाने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए नवरात्र से पहले प्रदेश सरकार ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत रविवार सुबह जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन से महिला पुलिस कर्मियों की स्कूटी रैली को रवाना किया। हेलमेट लगाकर स्कूटी चलाते हुए महिला पुलिस अधिकारी स्कूटी से निकलीं तो शहर का माहौल बदल गया। महिला पुलिस कर्मियों की स्कूटी रैली ने पूरे शहर के मुख्य मार्गों और बाजारों से होते हुए वापस पुलिस लाइन लौटी। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने बाजारों में मिली महिलाओं को कानूनी टिप्स भी दिए। रैली के आगे-आगे यातायात प्रभारी सतेंद्र कुमार रास्ता खाली कराते हुए चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि रैली के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने शहर के प्रमुख चौराहों व बाजार में महिलाओं को जागरूक किया। उन्हें कानून के संबंध में जानकारी दी। महिला सुरक्षा के लिए जारी किए गए हेल्प लाइन नंबरों से अवगत कराया गया। एंटी रोमियो स्क्वायड, महिला हेल्प डेस्क, महिला शिकायत निवारण प्रणाली को भी सक्रिय किया गया है। इस दौरान साइबर सुरक्षा के संबंध में भी महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।



फतेहगढ़ में मिशन शक्ति 5.0 की स्कूटी रैली में शामिल पुलिस कर्मी • जागरण

मीडिया सेल फतेहगढ़

@fatehgarhpolice @fatehgarhpolice Contact no- 7839856742

# फतेहगढ़ पुलिस

## दैनिक अयोध्या टाइम्स

# फतेहगढ़ में मिशन शक्ति5.0 का वर्चुअल शुभारंभ

- नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मिला नया आयाम

ब्यूरो चीफ विपिन सिंह चौहान फर्रूखाबाद। फतेहगढ़ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित महत्वाकांक्षी अभियान "मिशन शक्ति–5.0" का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार से वर्चुअल माध्यम द्वारा किया। इस अवसर पर जनपद फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में एकत्र होकर कार्यक्रम से जुड़े और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उदघाटन मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में सभी थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का एक साथ उदघाटन किया गया। इन केंद्रों का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित सहायता, मार्गदर्शन और सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार की सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। SOP पुस्तिकाओं का विमोचन एवं लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित व पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के विभिन्न जन–कल्याण कारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद भी किया।

लाभार्थियों ने अपनी–अपनी बातें रखीं और सरकार की योजनाओं से हुए लाभ साझा किए। अधिकारियों ने लिया संकल्प फतेहगढ़ में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने संकल्प लिया।महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मिशन शक्ति–5.0 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके



सम्मान की रक्षा करने के साथ–साथ समाज में उनकी भूमिका को और सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की हर महिला सुरक्षित, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर बने।

मीडिया सेल फतेहगढ़

यूथ इंडिया

# मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को नई दिशा

यूथ इंडिया समाचार

**फर्रुखाबाद।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मजबूती देने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोक भवन सभागार से वर्चुअल माध्यम द्वारा 'मिशन शक्ति-5.0' का शुभारंभ किया।

इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद फर्रुखाबाद के रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने देखा और सुना।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह समेत जिले के तमाम पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन किया गया। ये केंद्र महिलाओं को सुरक्षा, सहायता और जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं।कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया गया, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा और त्वरित मदद से जुड़ी कार्यप्रणाली और दिशा-निर्देश विस्तार से बताए गए है। इन पुस्तिकाओं के जरिए पुलिस कर्मियों और संबंधित अधिकारियों को मिशन शक्ति की नीतियों व योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने में सहायता मिलेगी।

वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने, उनके सम्मान की रक्षा करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से सुरक्षा, परामर्श, हेल्पलाइन, आर्थिक सहायता और सरकारी योजनाओं से लाभ दिलाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को विस्तार से बताया।

मीडिया सेल फतेहगढ़

फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

कंपू मेल

# मिशन शक्ति-5.0 का वर्चुअल शुभारंभ

## नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को मिला नया आयाम

**कंपू मेल ब्यूरो**

फतेहगढ़ फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित महत्वाकांक्षी अभियान ''मिशन शक्ति-5.0'' का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार से वर्चुअल माध्यम द्वारा किया। इस अवसर पर जनपद फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी रिजर्व पुलिस लाइन्स सभागार में एकत्र होकर कार्यक्रम से जुड़े और मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में सभी थानों में स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का एक साथ उद्घाटन किया गया। इन केंद्रों का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित सहायता, मार्गदर्शन और सुरक्षा से संबधित सभी प्रकार की सुविधाएँ एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति केंद्रों से



संबधित सहक्रपुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद भी किया। लाभार्थियों ने अपनी-अपनी बातें रखीं और सरकार की योजनाओं से हुए लाभ साझा किए। फतेहगढ़ में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने संकल्प लिया। मिशन शक्ति-5.0 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके सम्मान की रक्षा करने के साथ-साथ समाज में उनकी भूमिका को और सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश की हर महिला सुरक्षित, स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर बने।

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**दैनिक जागरण**

## मिशन शक्ति 5.0 का शुभारंभ, देखा गया सजीव प्रसारण

**जागरण संवाददाता, फर्रुखाबाद :** मिशन शक्ति 5.0 के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री के भाषण का लखनऊ से लाइव प्रसारण किया गया। विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने इसे देखा। एनआइसी में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों व अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम देखा। कलेक्ट्रेट स्थित सूचना विज्ञान केंद्र में आयोजित मिशन शक्ति 5.0 के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक सुशील शाक्य, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, सीडीओ विनोद कुमार गौड़ और समाजसेविका डा. रजनी सरीन के साथ महिला सशक्तिकरण टीम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया।

मीडिया सेल फतेहगढ़

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

**अमर उजाला**

# महिलाकर्मी के यौन शोषण में डायलिसिस प्रभारी को जेल

## लोहिया अस्पताल से बुधवार को गायब हो गया था आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**शादी के बहाने तीन साल तक बनाए संबंध, मां, पत्नी व भाई भी आरोपी**

**फर्रुखाबाद।** लोहिया अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में कानपुर निवासी महिला कर्मी को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोपी यूनिट प्रभारी जहीन खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह यूनिट से बुधवार को ही गायब हो गया था। महिला का आरोप है कि उसने तीन साल तक शोषण किया। पीड़िता ने आरोपी की मां, पत्नी और भाई को भी आरोपी बनाया है।

कानपुर निवासी महिला कर्मी यहां कादरीगेट थाने के एक मोहल्ले में रहती थी। वह जुलाई 2022 से लोहिया अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में काम करती थी। पीड़िता ने गुरुवार रात फतेहगढ़ के मोहल्ला भूसामंडी निवासी यूनिट प्रभारी जहीन अली खान, मां फौजिया बेगम, पत्नी जैनब और भाई मनाजिर खान के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। इसमें कहा कि काम करते समय जहीन से नजदीकी होने पर उसने शादी करने का झांसा देकर संबंध बनाए।

27 अक्तूबर 2023 को उसने शादी कर ली। भनक लगने पर जहीन ने पत्नी को तलाक देने की बात कही। 15 सितंबर को जहीन उसके किराए के कमरे पर पहुंचा। उस दिन भी जहीन ने जबरन संबंध बनाए और शादी से इन्कार कर दिया। गुस्से में चले जाने पर वह उसे भूसामंडी घर पर मनाने गई। वहां उसकी मां, पत्नी और भाई ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। महिला आउटसोर्सिंग में काम करती है।

आरोपी डायलिसिस यूनिट से बुधवार को ही फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के भाई को हिरासत में ले लिया। इसकी जानकारी होने पर वह थाने पहुंच गया। प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जहीन अली खान को जेल भेज दिया गया है। फिलहाल परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

मीडिया सेल फतेहगढ़

@fatehgarhpolice @fatehgarhpolice Contact no- 7839856742

# फतेहगढ़ पुलिस

## मिशन शक्ति 5.0 स्कूटी रैली

**दिनाँक 21.09.2025**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनाँक 21.09.2025 समय 11.30 बजे पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के निर्देशन में एक स्कूटी रैली का आयोजन किया जाएगा। नगर वासियों से अनुरोध है कि रैली के दौरान मार्ग में सहयोग प्रदान करें एवं महिला सशक्तिकरण के इस अभियान का हिस्सा बनें।

**प्रस्तावित मार्ग – :**

रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ →जिला जेल चौराहा→फतेहगढ़ कस्बा होते हुए→ मिलिट्री चौराहा से बाएं→आवास विकास से→बस स्टैंड→लालगेट→चौक चौराहा से बाएं→रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद→ठँडी सड़क होते हुए→लालगेट→ आवास विकास→मिलिट्री चौराहा→कलैक्ट्रेट के सामने से होते हुए रिजर्व पुलिस लाइन में रैली का समापन होगा।


तेजस हॉस्पिटल
एण्ड ट्रामा सेन्टर
डा. रेनू गंगवार
संजय कटियार
GPS Map Camera
Check In
फ़तेहगढ़, उत्तर प्रदेश, भारत
1/27, कानपुर मार्ग, फूस बंगलो कॉलोनी, फ़तेहगढ़, उत्तर प्रदेश 209601, भारत
Lat 27.366303° Long 79.631899°
21/09/2025 08:02 PM GMT +05:30
Google


रिजर्व पुलिस लाइन
फतेहगढ़
ATM
मिशन शक्ति केन्द्र
1076




Cafe & Restaurant
Pathkind